दिनांकः 15.05.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

खेतड़ी हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड कोलिहान खदान हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गयी है। नीम का थाना पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक से मिली जानकारी के अनुसार मृतक उपेन्द्र पांडे कम्पनी में मुख्य सतर्कता अधिकारी थे और कोलकाता से आई निरीक्षण टीम का हिस्सा थे। एसडीआरएफ और प्रशासन के बचाव दल ने खदान में फंसे सभी 14 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। इनमें से घायल सात लोगों को पहले खेतड़ी के के.सी.आर. अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से इन्हें जयपुर रैफर किया गया है। गौरतलब है कि कल रात लिफ्ट का रस्सा टूटने से 15 अधिकारी और कर्मचारी खदान में फंस गये थे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बचाव कार्य पर लगातार निगरानी रखे हुए हैं। उन्होंने फंसे हुए लोगों को सकुशल बाहर निकालने पर बचाव दल की सराहना की है।

000

प्रदेश के 27 आकांक्षी ब्लॉक्स में स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार के लिए राज्य के अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गयी है। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने इस बारे में आदेश जारी कर अधिकारियों को ब्लॉक आवंटित किये। इन अधिकारियों को हर महीने आवंटित ब्लॉक में जाकर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेकर रिपोर्ट पेश करनी होगी। श्रीमती सिंह ने बताया कि केन्द्र सरकार ने देशभर में पांच सौ आकांक्षी ब्लॉक चिन्हित किए हैं। इनमें से 27 राजस्थान के हैं। इनके विकास के लिए निर्धारित 39 संकेतकों में से सात स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हैं।

जिनमें सुधार के लिए मिशन मोड पर काम शुरू किया गया है। इन संकेतकों में मातृ स्वास्थ्य सेवाएं और ब्लड प्रेशर, डायबिटीज स्क्रीनिंग तथा टीबी उपचार की सफलता की दर सहित अन्य बिन्दु शामिल हैं।

000

प्रदेश में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी चिकित्सा संस्थानों में ''हरि–वन वृक्षारोपण अभियान'' चलाया जाएगा। इसके तहत संस्थानों में करीब एक लाख पौधे लगाये जाएंगे। विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि हर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पांच–पांच और उच्चतर चिकित्सा संस्थानों में दस–दस पौधे लगाये जाएंगे। अभियान के लिए फलदार और छायादार वृक्षों का चयन किया गया है। पौधरोपण के बाद चिकित्सा संस्थानों पर ही इनके रख रखाव की जिम्मेदारी होगी।

000

देश के पूर्व उपराष्ट्रपति और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री भैरों सिंह शेखावत की आज पुण्यतिथि है। इस अवसर पर जयपुर के विद्याधर नगर स्थित शेखावत स्मृति स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। आज शाम होने वाली श्रद्धांजलि सभा में विभिन्न जनप्रतिनिधि और आमलोग बाबोसा को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

000

आज जोबनेर कृषि विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आयोजित किया जा रहा है। राज्यपाल कलराज मिश्र की अध्यक्षता में हो रहे इस समारोह में पद्मश्री प्रोफेसर बलदेव सिंह ढिल्लो भी शिरकत कर रहे हैं। समारोह में सात स्वर्ण पदक के साथ ही 1 हजार 218 विधार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इस अवसर पर अन्य कार्यक्रम भी होंगे और विश्वविद्यालय की ओर से मुद्रित साहित्य का भी विमोचन किया जाएगा।

000

धौलपुर जिले क़े इनामी डकैत राजवीर उर्फ़ रज्जो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसे बसेड़ी इलाके क़े पिपरौन गांव से पकड़ा गया है। पुलिस से हुई मुठभेड़ के दौरान राजवीर घायल हो गया, उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

000

राज्य में बीते 24 घंटों में राजसमंद, बूंदी, सिरोही, सवाईमाधोपुर, भीलवाड़ा और बाड़मेर सहित कुछ अन्य स्थानों पर बारिश हुई। सबसे अधिक 21 मिलीमीटर बरसात बाड़मेर के चौहटन में दर्ज की गयी। बरसात से लोगों को प्रचंड गर्मी और लू से थोड़ी राहत मिली है। हालांकि ज्यादातर स्थानों पर तेज गर्मी का असर रहा और अधिकतम तापमान 40 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड हुआ। इस बीच, अलवर में पिछले दिनों हुई बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया है। इससे पर्यटकों की संख्या में बढोतरी हुई है। इन दिनों काफी संख्या में सैलानी सरिस्का पहुंच रहे हैं।

000

आईपीएल क्रिकेट में आज राजस्थान रॉयल्स और किंग्स इलेवन पंजाब का मुकाबला गुवाहटी में होगा। ये मैच शाम साढे सात बजे से खेला जाएगा। इससे पहले, कल नई दिल्ली में खेले गये मैच में डेल्ही कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 19 रनों से हरा दिया। डेल्ही कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट पर 208 रन बनाए। इसके जबाव में लखनऊ सुपर जाएंट्स की टीम 189 रन ही बना सकी। कोलकाता नाईट राईडर्स की टीम अंक तालिका में 19 अंक के साथ शीर्ष पर है।

000